दिनांक : 19.06.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह की 28 तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा.

- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कल जबलपुर में, 80 करोड़ में बने सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का भी होगा उद्घाटन ।

- माइक्रोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर में गडबडी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग हुए प्रभावित, भारत पर भी असर ।
- प्रदेश में बन रहे हैं 18 लोक, धार्मिक पुनर्जागरण और पर्यटन को मिलेगा विस्तार

------------------------------------

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह की 28 तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे. प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने सुझाव MyGov, नमो ऐप पर भेजने या 1 8 0 0-1 1 7 8 0 0 पर अपना संदेश रिकॉर्ड करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले सुझावों पर प्रसन्नता भी व्यक्त की है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्हें आगामी मन की बात कार्यक्रम के लिए कई सुझाव मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा है कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि कई युवा विशेष रूप से समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डाल रहे हैं।

------------------------------------

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

राज्य सरकार कल सुबह 9 बजे से संस्कारधानी-जबलपुर में अपना दूसरा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 80 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का उद्घाटन कर यहाँ होने वाले क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ भी करेंगे। सम्मेलन में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3500 से अधिक उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियाँ शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 60 से अधिक इकाईयों का वर्चुअली उद्घाटन कर उद्योगपतियों से

वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्र की निवेश संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में 300 से अधिक क्रेता-विक्रेता मीटिंग्स और वन-टू-वन चर्चा भी होंगी।

------------------------------------

सर्वोच्च न्यायालय-नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी-2024 के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम कल दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर डालने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ, मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़ी लगभग 40 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। अगली सुनवाई सोमवार को होगी। इसी बीच, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की एक छात्रा सुरभि कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने उसका मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिये हैं। सुरभि ने कथित तौर पर पेपर लीक मामले के दोषियों के लिए नीट परीक्षा के पेपर हल किए थे।

------------------------------------

रिजर्व बैंक समीक्षा

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की शुरूआत अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ हुई है। बैंक के मासिक बुलेटिन के अनुसार, कृषि क्षेत्र में सुधार और गांवों में खर्च बढने से मांग की स्थिति बेहतर हुई है। प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आधार पर शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में खर्च बढा है और ग्रामीण-शहरी विभाजन कम हो रहा है।

------------------------------------

मप्र लोक

प्रदेश में सांस्कृतिक, धार्मिक पुनर्जागरण और पर्यटन के विकास के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा 18 लोकों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। इनमें 14 लोक धार्मिक और 4 सांस्कृतिक आधार के हैं, 10 धार्मिक और 4 सांस्कृतिक लोकों का निर्माण कार्य जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा में विकसित हो रहे श्री रामराजा लोक में भगवान श्रीराम के वनवास अवधि में वर्तमान मध्यप्रदेश के भू-भाग में बिताई गई समयावधि में हुए प्रमुख प्रसंगों को दर्शाया जाए। उन्होंने संत रविदास लोक, सागर में शोधपीठ और शैक्षणिक संस्था विकसित करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने भादवा माता लोक से आयुर्वेदिक अस्पताल और फिजियोथेरेपी सेंटर को भी जोड़ा जाए।

------------------------------------

फास्टैग जुरमाना

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण - एन एच ए आई ने कहा है कि वाहनों के आगे वाले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहन मालिकों से दोगुना टोल वसूला जायेगा। प्राधिकरण ने कहा है कि जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे लोगों को असुविधा होती है।

------------------------------------

मानसून सत्र

केंद्र सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची प्रकाशित की गई है। सरकार ने वित्त विधेयक के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करना सुगम बनाने के उद्देश्य से 1934 के विमान अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को भी सूचीबद्ध किया है। संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

------------------------------------

पूजा खेडकर-यूपीएससी

संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि सिविल सेवा परीक्षा-2022 की अनुशंसित उम्मीदवार पूजा खेडकर के दुर्व्यवहार की विस्तृत और गहन जांच की है। इसमें कहा गया है कि उसने अपना नाम, पिता और माता का नाम, अपनी तस्वीर और हस्ताक्षर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर अपनी पहचान फर्जी बनाकर परीक्षा नियमों के अतंर्गत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयासों का धोखाधड़ी से लाभ उठाया। यूपीएससी ने उनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करके आपराधिक मुकदमा शुरू किया है।

------------------------------------

माइक्रोसॉफ्ट गड़बड़ी

माइक्रोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर में बडे स्तर पर गडबडी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने विश्व भर में कई व्यवसायों, बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के आईटी नेटवर्क को प्रभावित किया है। भारत में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलाइंस के चेक-इन सिस्टम देश भर में बंद हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनका मंत्रालय इस संबंध में

माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का नेटवर्क प्रभावित नहीं हुआ है।

------------------------------------

पचमढ़ी मानसून मैराथन

पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन नर्मदापुरम पचमढी में पचमढ़ी मानसून मैराथन का छठा संस्करण रविवार 21 जुलाई को आयोजित कर रहा है। जिसमें विभिन्न राज्यों से धावक शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। मैराथन में 5, 10, 21 और 42 किमी की विभिन्न श्रेणियाँ हैं । मैराथन में शामिल होने वाले सभी आयु वर्ग के विजेताओं को ट्रॉफियां दी जाएंगी।

------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ जिला मुख्यालय स्थित शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रा के आत्म हत्या मामले में जिला कलेक्टर नेहा मीना द्वारा आज मजिस्ट्रीयल जांच का आदेश जारी किया गया है।
- खंडवा जिले की पूर्व कालीभीत वन परिक्षेत्र में तड़के गश्ती टीम ने बड़ी मात्रा में सागौन के लट्ठे भरा वाहन जब्त किया। सागौन माफिया गैंग के आठ सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है।
- अशोकनगर में आयुष मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया से वचाब हेतु होम्योपेथिक औषधि मलेरिया ऑफ 200 गोली का वितरण किया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान - 2.0 संचालित किया जा रहा है।
- आगरमालवा में भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के प्रचार-प्रचार और जागरूकता के लिए आज तीन विद्यालयों में अभियान चलाया गया.
- नीमच में शासकीय आई.टी.आई. में 25 जुलाई को दोपहर एक बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।
- गुना में कलेक्टर द्वारा आज अनुभाग चांचौड़ा के सब-डिवीजन न्यायालय एवं तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया गया।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है ।

-------------------------------------

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह की 28 तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा.

- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कल जबलपुर में, 80 करोड़ में बने सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का भी होगा उद्घाटन ।

- माइक्रोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर में गडबडी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग हुए प्रभावित, भारत पर भी असर ।

  और

- प्रदेश में बन रहे हैं 18 लोक, धार्मिक पुनर्जागरण और पर्यटन को मिलेगा विस्तार

-------------------------------------